Title: Need to provide compensation to the farmers affected by floods in Kurukshetra, Yamuna Nagar and Kaithal districts of Haryana.

श्रीमती कैलाशो देवी (कुरूक्षेत्र): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान अपने इलाके में आई भयंकर बाढ़ के कारण फसल की हुई तबाही की ओर दिलाना चाहती हूं। मेरे निर्वाचन क्षेत्र में तीन जिले, कुरूक्षेत्र, यमुनानगर और कैथल, पड़ते हैं। इन तीनों जिलों में लगभग ढाई हजार एकड़ भूमि में जीरी और गन्ने की फसल पूरी तरह से तहस-नहस हो चुकी है। बेचारे किसान जो अपनी रोजी-रोटी चलाने के लिए और अपने बच्चों का भविष्य बनाने के लिए फसल पर निर्भर करते हैं, आज भुखमरी के कगार पर खड़े हैं। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से पुरजोर शब्दों में अपील करना चाहती हूं कि वह किसानों को प्रति एकड़ पांच हजार रुपये का मुआवजा दे। इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहती हूं कि प्राकृतिक आपदा के कारण फसली नुक्सान के लिए जो मुआवजा दिया जाता है, उससे किसान लाभान्वित हो रहे हैं या नहीं, इसके लिए केन्द्र सरकार की ओर से एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया जाना चाहिए। उस समिति में सम्बन्धित सांसद को भी शामिल किया जाना चाहिए, जिससे वह देख सके कि किसानों को वास्तव में मुआवजा मिल रहा है या नहीं।